# टोक्यो इलेक्ट्रान ने ग्लोबल कैपेबिलिटी सेंटर स्थापित करने में दिखाई रुचि

- ओसाका प्रीफेक्चुरल असेंबली से कौशल विकास पर संवाद
- सेमीकंडक्टर के क्षेत्र में सहयोग पर जापानी कंपनियों संग बैठक




टोक्यो में वित्त एवं संसदीय कार्य मंत्री सुरेश खन्ना के नेतृत्व में गए प्रतिनिधिमंडल के सदस्य टोक्यो इलेक्ट्रॉन लिमिटेड की टीम के साथ ● सूचना विभाग

राज्य ब्यूरो, जागरण ● लखनऊ : जापान के ओसाका शहर में चल रहे वर्ल्ड एक्पो में उत्तर प्रदेश के प्रतिनिधिमंडल और जापानी कंपनियों के बीच सेमीकंडक्टर व शिक्षा के क्षेत्र में सहयोग पर चर्चा की गई। इस संवाद बैठक में जापान की कंपनी टोक्यो इलेक्ट्रान लिमिटेड ने ग्लोबल कैपेबिलिटी सेंटर (जीसीसी) स्थापित करने में रुचि दिखाई है। साथ ही युवाओं के कौशल विकास, प्रौद्योगिकीय नवाचार और क्षमता निर्माण को लेकर दोनों पक्षों के बीच संवाद हुआ।

वित्त मंत्री सुरेश खन्ना की अध्यक्षता में उत्तर प्रदेश का प्रतिनिधिमंडल वर्ल्ड एक्सपो में निवेश की संभावनाओं पर विभिन्न कंपनियों के साथ संवाद स्थापित कर रहा है। गुरुवार को प्रतिनिधिमंडल ने टोक्यो इलेक्ट्रान लिमिटेड के कारपोरेट आफिसर ताकेशी ओकुबो और उनकी टीम के साथ विचार-विमर्श किया। बैठक में नोएडा क्षेत्र में उभरते सेमीकंडक्टर इकोसिस्टम, निवेश के अवसर, कुशल मानव संसाधन और ग्लोबल कैपेबिलिटी सेंटर स्थापित करने की संभावनाओं पर चर्चा हुई। प्रतिनिधिमंडल ने ओसाका प्रीफेक्चुरल असेंबली के अध्यक्ष किन्जो कात्सुनोरी और उपाध्यक्ष किडा काओरू से भेंट की।

दोनों पक्षों ने उत्तर प्रदेश और ओसाका के बीच व्यापारिक साझेदारी, संस्थानिक सहयोग और सांस्कृतिक संबंधों को और सशक्त बनाने की प्रतिबद्धता जताई। इसके अलावा पुर्तगाल के गुआर्डा विश्वविद्यालय ने भारतीय संस्थानों के साथ छात्र विनिमय, संयुक्त शोध और फैकल्टी विकसित करने में रुचि व्यक्त की।

प्रतिनिधिमंडल के वरिष्ठ सदस्य राकेश शर्मा ने काशी हिंदू विश्वविद्यालय और डा. सम्पूर्णानंद संस्कृत विश्वविद्यालय, वाराणसी के साथ संभावित सहयोग पर विचार साझा किया। उन्होंने इन्वेस्ट यूपी के माध्यम से इस शैक्षिक साझेदारी को प्रोत्साहित करने का आश्वासन दिया।